# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–16 मई 2025** **सान्ध्य समाचार**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज गुजरात के भुज वायुसेना अड्डे का दौरा किया। इस अवसर पर सैनिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष से अपील की कि वो पाकिस्तान को दी जा रही वित्तीय सहायता के बारे में दोबारा विचार करे। रक्षा मंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष से प्राप्त वित्तीय सहायता का बडा हिस्सा पाकिस्तान, आतंकवादी ढांचे को खडा करने में लगायेगा।

***मैं दुनिया के लोगों के सामने ये सवाल रखना चाहता हूं कि आज के समय में पाकिस्तान को किसी भी तरह की आर्थिक सहायता टैरर फंडिंग से कम नहीं है। भारत यही चाहेगा कि आईएमएफ, पाकिस्तान को अपनी एक बिलियन डॉलर की असिस्टैंस पर वे पुनः विचार करे और आगे भी किसी भी तरह की सहायता देने से आईएमएफ परहेज करे।***

रक्षामंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना की त्वरित और निर्णायक कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इसने देश–विदेश में सभी भारतीयों को गौरवान्वित किया है।

***समस्त हिंदुस्तानियों को चाहे वो भारत के रहने वाले हों, अथवा दुनिया के दूसरे देशों में रहने वाले हों। सभी गौरवानवित हुए हैं। भारतीय वायुसेना के लिए सिर्फ 23 मिनट यह काफी हैं पाकिस्तान की सरजमीं पर पल रहे आतंक के अजगर को कुचलने की और वो आपने कर के दिखाया। यह कहना गलत नहीं होगा जितनी देर में लोग नाश्ता पानी निपटाते हैं, उतनी देर में आपने दुश्मनों को निपटा दिया।***

रक्षा मंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया ने भारत की वायु रक्षा प्रणालियों की ताकत और सटीकता को देख लिया है। हमारी वायुसेना पाकिस्तान के हर कोने में पहुंचने में सक्षम है और ऑपरेशन सिंदूर से यह साबित भी हो चुका है।

**********

पाकिस्तान ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आसमान में अपनी करारी हार का सामना करने के बाद अब भ्रामक दावों को डिजिटल माध्यम से लगातार फैला रहा है। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तानी वायुसेना के हमलों को बुरी तरह नाकाम कर दिया था, लेकिन अब वह स्वयं को आसमान का राजा बता रहा है। सोशल मीडिया पर कई पाकिस्तानी अकाउंट्स ब्रिटेन के अखबार द डेली टेलीग्राफ की एक तस्वीर प्रसारित कर रहे हैं, जिसमें पाकिस्तान की वायुसेना को निर्विवाद रूप से आसमान का राजा कहा जा रहा है। हालांकि, वास्तव में यह तस्वीर ऑर्टीफिशियल इंटेलीजेंस द्वारा बनाई गई है और द डेली टेलीग्राफ ने ऐसा कोई भी लेख नहीं छापा है।

**********

ऑपरेशन सिंदूर में सेना के शौर्य को सम्मान देने के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा के आयोजन का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में आज प्रदेश के हमीरपुर, कुशीनगर, बदायूं, अमरोहा और झांसी सहित कई जिलों में तिरंगा यात्राएं निकाली गईं। इनमें जनप्रतिनिधियों और पार्टी के पदाधिकारियों ने प्रमुखता से हिस्सा लिया।

**********

प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं उर्जा मंत्री एके शर्मा आज कुशीनगर दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा पडरौना में आयोजित भारत शौर्य तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया। इसी क्रम में श्री शर्मा ने कसया स्थित निराश्रित पशु आश्रय गौशाला का निरीक्षण किया । साथ ही जिले के सभी नगरीय निकायों में सौ करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली करीब चार सौ विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि श्रमिक और उद्योगपति एक दूसरे के पूरक हैं। प्रदेश की औद्योगिक प्रगति तभी सम्भव है जब श्रम कानूनों को उद्योग और श्रमिक दोनों दृष्टि से संतुलित बनाया जाए। मुख्यमंत्री आज लखनऊ में श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। श्री योगी ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह श्रम कानूनों का इस प्रकार सरलीकरण करें जिससे उद्योगों को सुविधा मिले। साथ ही श्रमिकों का शोषण न होना भी सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर हाथ को काम देने के लिये हमें उद्योगों को सशक्त बनाना होगा। उद्योगों का विस्तार ही अधिकाधिक रोजगार सृजन का माध्यम बन सकता है। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना की स्थिति में श्रमिकों और उनके परिवार की सुरक्षा पर बल दिया और कहा कि इसके लिये उन्हें सम्मानजनक मानदेय और बीमा सुरक्षा कवच देना अनिवार्य है। श्री योगी ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा श्रमिक हितैशी और उद्योग समर्थ राज्य बनकर उभरे।

**********

गोरखपुर सहित प्रदेश के लगभग सभी पूर्वी जिलों में मौसम बदलने लगा है। कुछ स्थानों पर बादल छाने लगे हैं और तेज हवा चल रही है, जिसके चलते लोगों को गर्मी से हल्की राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार बादलों के छाये रहने और कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी से लेकर गरज–चमक के साथ हल्की वर्षा होने की सम्भावना है। छिटपुट वर्षा का यह क्रम अगले तीन से चार दिनो तक जारी रहने का मौसम विभाग का पूर्वानुमान है।

**********